भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1159

दिनांक 09/02/2021/20 माघ, 1942 (शक) को उत्तर के लिए

शीतलहर के कारण मृत्यु

1159. कुंवर दानिश अलीः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2020-21 सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान देश भर में ठंड के मौसम और शीत लहर के कारण मरने वालों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने ऐसे लोगों के परिवारों को कोई मुआवजा दिया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस तरह की आपदा का सामना करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): देश में ठंड के मौसम और शीत लहर के कारण होने वाली मौतों को रोकने के लिए आवश्यक उपाय करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकार की होती है। ठंड के मौसम और शीत लहर के कारण हुई मौतों के आंकड़े गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीयकृत रूप से नहीं रखे जाते हैं। तथापि, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) से प्राप्त हुई सूचना के अनुसार, वर्ष 2015 से 2019 के दौरान ठंड के कारण हुई मौतों का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

मानदंडों के अनुसार, राज्य आपदा जोखिम प्रबंधन निधि (एसडीआरएमएफ)/राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से राज्य सरकार द्वारा सहायता उपलब्ध कराने हेतु शीत लहर और पाला के कारण हुई क्षति एक पात्र प्राकृतिक आपदा के रूप में शामिल है। मदों और मानदंडों की एक प्रति https://www.ndmindia.nic.in/images/pdf/SDRF-NDRFNormsdated8april,2015.pdf पर उपलब्ध है।

*****

लोक सभा अता. प्र. सं. 1159 दिनांक 09.02.2021

अनुलग्नक

वर्ष 2015 से 2019 के दौरान ठंड के कारण हुई मौतों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2015	2016	2017	2018	2019
राज्य :-						
1	आंध्र प्रदेश	0	1	0	0	0
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	1
3	असम	2	1	0	0	0
4	बिहार	80	114	140	192	131
5	छत्तीसगढ़	5	6	0	12	8
6	गोवा	0	0	0	0	0
7	गुजरात	31	12	10	5	13
8	हरियाणा	57	33	46	49	62
9	हिमाचल प्रदेश	23	9	15	13	13
10	झारखंड	73	87	75	75	119
11	कर्नाटक	0	1	0	0	0
12	केरल	0	0	0	0	0
13	मध्य प्रदेश	11	10	28	18	21
14	महाराष्ट्र	10	18	28	26	22
15	मणिपुर	0	0	0	0	0
16	मेघालय	0	3	0	0	1
17	मिजोरम	0	0	0	0	0
18	नागालैंड	0	0	0	0	0
19	ओडिशा	5	0	0	2	1
20	पंजाब	127	135	93	83	141
21	राजस्थान	32	24	28	27	49
22	सिक्किम	5	1	2	1	3
23	तमिलनाडु	0	0	0	0	0
24	तेलंगाना	1	0	0	0	0
25	त्रिपुरा	1	0	1	0	1
26	उत्तर प्रदेश	636	188	222	196	190
27	उत्तराखंड	20	33	37	20	18
28	पश्चिम बंगाल	22	3	0	0	1
	कुल (राज्य)	**1141**	**679**	**725**	**719**	**795**

.... 2

लोक सभा अता. प्र. सं. 1159 दिनांक 09.02.2021

	संघ राज्य क्षेत्र	**2015**	**2016**	**2017**	**2018**	**2019**
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0
2	चंडीगढ़	0	4	1	0	0
3	दादरा एवं नगर हवेली	0	0	0	0	0
4	दमण एवं दीव	0	0	0	0	0
5	दिल्ली (संघ राज्य क्षेत्र)	0	3	0	0	0
6	जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख	8	1	12	38	1
7	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0
8	पुदुचेरी	0	0	0	0	0
	कुल **(संघ राज्य क्षेत्र)**	**8**	**8**	**13**	**38**	**1**
	कुल (**अखिल भारत**)	**1149**	**687**	**738**	**757**	**796**

स्रोत: राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 'भारत में दुर्घटनावश मौतें और आत्महत्याएं'

******